प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 02.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 02.04.2026 को नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 02.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## नवागंतुक पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह ने अधिकारियों संग की परिचयात्मक गोष्ठी, अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस के दिए सख्त निर्देश...।

जनपद महोबा में नवागंतुक पुलिस अधीक्षक श्री शशांक सिंह द्वारा दिनांक 01.04.2026 की देर सायं पुलिस लाइन सभागार में जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ परिचयात्मक गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी के दौरान सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी थाना प्रभारियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा अपने सेवा अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनकी पूर्व नियुक्ति जनपद गोरखपुर, बुलन्दशहर एवं लखनऊ में रही है। तत्पश्चात सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की भौगोलिक, संवेदनशील एवं अपराध संबंधी स्थिति की जानकारी दी गई। विशेष रूप से मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश सीमा से जुड़े थानों में अपराध की समीक्षा की गई।

बैठक में शासन की प्राथमिकताओं, प्रभावी जनसुनवाई एवं अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्यवाही करने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, निरोधात्मक कार्यवाही एवं आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने पर विशेष बल दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि आमजन के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए, प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि "निर्दोष को परेशान न किया जाए और अपराधी को किसी भी स्थिति में बख्शा न जाए।" क्षेत्र में किसी भी घटना पर संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी तथा लापरवाही कतई क्षम्य नहीं होगी।

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिदिन जनसुनवाई करने, मौके पर जाकर जांच करने तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के निर्देश दिए गए। किसी भी पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत पर कठोरतम कार्यवाही की चेतावनी दी गई। साथ ही पुलिस बल में बेहतर समन्वय बनाए रखने एवं भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता अपनाने के निर्देश दिए गए।

थानों में अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, नियमित अद्यतन एवं स्वच्छता के उच्च मानक बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

आगामी हनुमान जन्मोत्सव एवं 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारियों को जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन करने, पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद स्थापित रखने के निर्देश दिए गए, ताकि पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गौंड सहित जनपदीय पुलिस के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।










## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 02.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।








## नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा ने जनपद के पत्रकार बन्धुओं के साथ प्रेसवार्ता में संवाद कर गिनाईं प्राथमिकताएं, कानून व्यवस्था और साइबर अपराध पर रखी स्पष्ट रणनीति, पारदर्शी व निष्पक्ष पुलिसिंग का दिया भरोसा...।

आज दिनांक 02.04.2026 को जनपद महोबा के नवागत पुलिस अधीक्षक श्री शशांक सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार, महोबा में पत्रकार बन्धुओं के साथ एक औपचारिक परिचयात्मक एवं संवादात्मक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पत्रकार बन्धुओं द्वारा जनपद की यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण, साइबर अपराध, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, आगामी पंचायत चुनावों के दृष्टिगत पुरानी रंजिशों एवं अवैध गतिविधियों सहित पुलिस के गुडवर्क के संबंध में बाइट/विजुअल उपलब्ध कराये जाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पुलिस अधीक्षक महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया गया।

पुलिस अधीक्षक श्री शशांक सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शासन की मंशानुसार पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ पुलिस कार्य किया जाएगा। साथ ही यातायात व्यवस्था में सुधार, आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने एवं पुलिस-जन सहयोग को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया जाएगा।

साइबर अपराधों के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उन्होंने बताया कि इनकी रोकथाम एवं त्वरित निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाए जाएंगे तथा साइबर हेल्पलाइन एवं तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर आमजन को जागरूक किया जाएगा।

आगामी पंचायत चुनावों के संबंध में उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल चुनाव सम्पन्न कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन कर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी तथा आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके अतिरिक्त जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाकर वांछित/इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध गतिविधियों पर अंकुश एवं संगठित अपराध के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अंत में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि मीडिया लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है तथा जनहित के मुद्दों को उजागर करने में इसकी अहम भूमिका है। उन्होंने पुलिस एवं मीडिया के बीच समन्वय एवं सहयोग को और मजबूत बनाने की अपेक्षा व्यक्त की।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 02.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति थाना पनवाड़ी मिशन शक्ति केंद्र की सार्थक पहल...।

जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत थाना पनवाड़ी स्थित मिशन शक्ति केंद्र द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः प्रभावी रूप से प्रदर्शित करते हुए एक और सराहनीय कार्यवाही की गई है।

आज दिनांक 02.04.2026 को आवेदिका श्रीमती काजल पत्नी विनय निवासी ग्राम बाजनापुरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा द्वारा अपने पति विनय पुत्र राकेश एवं ससुर राकेश पुत्र सुखलाल के विरुद्ध शराब के नशे में आए दिन गाली-गलौज एवं मारपीट कर प्रताड़ित करने के संबंध में थाना पनवाड़ी स्थित मिशन शक्ति केंद्र पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

मिशन शक्ति केंद्र में नियुक्त महिला पुलिस अधिकारियों/आरक्षियों द्वारा शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए उभय पक्षों को थाने पर बुलाया गया। तत्पश्चात दोनों पक्षों के मध्य संवाद स्थापित कर काउंसलिंग की प्रक्रिया अपनाई गई। धैर्यपूर्वक समझाने-बुझाने एवं परामर्श के उपरांत दोनों पक्षों की बात को गंभीरता से सुना गया तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया।

काउंसलिंग के उपरांत द्वितीय पक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया कि भविष्य में आवेदिका के साथ किसी प्रकार का कोई भी अनुचित व्यवहार नहीं किया जाएगा तथा उसके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करते हुए पारिवारिक जीवन व्यतीत किया जाएगा। इस पर दोनों पक्ष सहमत हुए तथा आवेदिका भी अपने ससुराल जाने के लिए राजी हो गई।

इस पहल के परिणामस्वरूप परिवार में आपसी समझ, सौहार्द एवं सामंजस्य स्थापित हुआ तथा विवाद का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया।

यह कार्यवाही मिशन शक्ति केंद्र, थाना पनवाड़ी की त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता एवं महिला पुलिस टीम की सक्रियता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसके माध्यम से एक परिवार को टूटने से बचाया गया तथा महिला को सुरक्षा एवं न्याय का भरोसा दिलाया गया।

जनपद महोबा पुलिस मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर तत्पर है।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 02.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर पुलिस द्वारा न्यायालय आदेश के अनुपालन में आबकारी माल का विधिक विनष्टीकरण, 85 माल मुकदमाती शराब का नियमानुसार निस्तारण...

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद में लंबित माल के विधिक निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई है।

मा0 न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, जनपद महोबा के आदेश दिनांक 25.02.2026 के अनुपालन में आज दिनांक 02.04.2026 को गठित टीम द्वारा थाना अजनर पर माल मुकदमाती आबकारी अधिनियम (शराब) का नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया।

उक्त कार्यवाही थानाध्यक्ष अजनर श्री सुभाषचन्द्र, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 श्री बृजेश कुमार मिश्रा, हे0मु0 मो0 शकील, कां0मु0 रावेश कुमार तथा संभ्रान्त व्यक्ति श्री सन्तोष राजपूत व श्री करन सिंह निवासी अजनर की उपस्थिति में संपन्न हुई।

कार्यवाही के दौरान कुल 85 माल मुकदमाती आबकारी (शराब) को थाना परिसर में सुरक्षित स्थान पर गड्ढा खुदवाकर विधिवत नष्ट किया गया।

इस विनष्टीकरण से थाना परिसर में सुव्यवस्था एवं स्वच्छता सुनिश्चित होगी, साथ ही माल प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

जनपद पुलिस द्वारा आगे भी इस प्रकार की विधिक एवं प्रशासनिक कार्यवाहियां सतत रूप से जारी रहेंगी।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 02.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई पुलिस टीम ने
## 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।

नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 02.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 347/25 धारा 103(1)/351(3)/61(2)/3(5) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त इन्दल कुशवाहा पुत्र भागीरथ कुशवाहा निवासी मकान नं0 102 शंकर जी मन्दिर के पास भितरिया थाना लौडी जनपद छतरपुर म0प्र0 को कस्बा कबरई थाना कबरई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 अदद तंमचा 315 बोर नाजायज, 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व 01 अदद मोबाइल फोन (विवो) बरामद की गई। अभियुक्त के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

इन्दल कुशवाहा पुत्र भागीरथ कुशवाहा निवासी मकान नं0 102 शंकर जी मन्दिर के पास भितरिया थाना लौडी जनपद छतरपुर म0प्र0

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1.थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया
2.उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह
3.हे0कां0 राजेन्द्र प्रसाद
4.कां0 राहुल अग्निहोत्री

**बरामदगी -**

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा .315 बोर नाजायज, 01 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर तथा 01 अदद मोबाइल फोन (विवो) बरामद किया गया।



@MahobaPolice